प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान

इंदिरा ब्रिज के पास, भाट गाँव, जिला- गांधीनगर - 382 428

विज्ञापन सं- 04/2021

प्रोजैक्ट वैज्ञानिक-II के पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के तहत एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है, जो मूलभूत प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमन संलयन एवं प्लाज़्मा के औद्योगिक तथा सामाजिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के लिए समर्पित है।

20 जुलाई 2021 को बाह्य वित्तपोषित परियोजना के अंतर्गत प्रोजैक्ट वैज्ञानिक-II के पद के लिए वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। इस प्रोजैक्ट को एक बाहरी फंडिंग एजेंसी/संगठन द्वारा वित्त पोषित किया गया है जिसमें टोकामॅक भौतिकी अनुप्रयोगों के लिए व्यापक कोड विकास और सिमुलेशन गतिविधियां शामिल हैं। उपरोक्त पद एक वर्ष की अवधि के लिए है।

प्रोजैक्ट वैज्ञानिक-II को 67,000 रुपये + म.कि.भ (केंद्र सरकार के लागू नियमों के अनुसार) की मासिक परिलब्धियों का भुगतान किया जाएगा। कोई अन्य भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा। आईपीआर सीएचएसएस चिकित्सा सुविधा केवल स्वयं के लिए लागू होगी और इस सुविधा के लिए आईपीआर सीएचएसएस नियमों के अनुसार हर महीने वेतन से आवश्यक कटौती की जाएगी।

पद	पद की संख्या	आवश्यक योग्यता और अनुभव	आयु सीमा
प्रोजैक्ट वैज्ञानिक II	01	(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या समकक्ष से विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री (भौतिकी) या इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री; **तथा** (ii) **टोकामॅक से संबंधित कम्प्यूटेशनल प्लाज्मा भौतिकी के क्षेत्र में** औद्योगिक और शैक्षणिक संस्थानों या विज्ञान और प्रौद्योगिकी संगठनों और वैज्ञानिक गतिविधियों एवं सेवाओं में अनुसंधान और विकास में तीन साल का अनुभव (बिंदु संख्या (i) में उल्लिखित योग्यता प्राप्त करने के बाद) ।	20 जुलाई 2021 को 40 वर्ष से अधिक नहीं

कार्य की प्रकृति और समयबद्ध प्रोजैक्ट को ध्यान में रखते हुए, कोड विकास और सिमुलेशन में जानकारी रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी, और अन्य प्रासंगिक अनुभव एक अतिरिक्त लाभ होगा।

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे सरकार द्वारा स्वीकृत फोटो पहचान पत्र तथा निर्धारित प्रारूप में सीवी (फोटो के साथ चिपका हुआ) और सहायक दस्तावेजों के साथ (मूल प्रति के साथ मार्कशीट / डिग्री / प्रमाण पत्र / टेस्टीमोनियल्स की सत्यापित प्रतियां) दिनांक 20 जुलाई 2021 को सुबह 8:30 बजे प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान, इंदिरा ब्रिज के पास, भाट, गांधीनगर-382 428, गुजरात में साक्षात्कार के लिए रिपोर्ट करें।

साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा।

COVID-19 महामारी की स्थिति के कारण जो उम्मीदवार ऑनलाइन मोड के माध्यम से साक्षात्कार में शामिल होना चाहते हैं, वे ई-मेल के विषय कॉलम में विज्ञापन संख्या का उल्लेख करते हुए दिनांक 19 जुलाई, 2021 तक अपना ऑनलाइन साक्षात्कार अनुरोध "recruitment@ipr.res.in" पर भेज दें। ऐसे आवेदनों के साथ निर्धारित प्रारूप में सीवी और ई-मेल अटैचमेंट में सहायक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी होनी चाहिए। यदि ये उम्मीदवार उपरोक्त पद के लिए चुने जाते हैं, तो इनके दस्तावेज़ों का सत्यापन बाद में किया जाएगा। ऑनलाइन साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को जारी किया गया प्रस्ताव पत्र, उनके कार्यभार ग्रहण करते समय सत्यापन के लिए अपने मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के अधीन होगा, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारी रद्द मानी जाएगी।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी